राजस्थान पत्रिका

झुंझुनूं पत्रिका

सीरी में सेमी कंडक्टर डिवाइस फैब्रिकेशन पर कार्यशाला का उद्घाटन

पिलानी सीरी संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते प्रतिभागी।

पिलानी. भारत सरकार के विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत विज्ञान एवं अभियांत्रिकी अनुसंधान बोर्ड (सर्ब) के सौजन्य से सीरी पिलानी में उच्च स्तरीय कार्यशाला का उदघाटन मंगलवार को हुआ।

कार्यशाला में देशभर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से एमटेक एवं पीएच.डी कर रहे 25 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों को सेमी कंडक्टर डिवाइस फैब्रिकेशन विषय पर विद्वान वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों, इंजीनियरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। 22 नवंबर तक चलने वाली कार्यशाला का उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता सीरी निदेशक डा. पी सी पंचारिया ने की। उन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सीएसआईआर प्रयोगशालाओं की स्थापना से जुड़ी जानकारी दी तथा देश में अंतर्विधात्मक (इंटरडिसिप्लिनरी) शोध की आवश्यकता पर बल दिया। संस्थान में शोध सुविधाओं के प्रमुख अशोक चौहान ने सीरी की शोध सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक डॉ. विजय चटर्जी ने प्रतिभागियों को कार्यशाला से जुड़ी जानकारी दी। डॉ. अभिजीत कर्माकर ने आभार जताया। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अदिति ने संचालन किया। गौरतलब है कि सेमी कंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं और संस्थान में सेमी कंडक्टर्स की विशेषज्ञ जनशक्ति और अत्याधुनिक शोध सुविधाएं उपलब्ध हैं। डीएसटी द्वारा संस्थान को इस उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए चुना गया है।